# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

वर्ष-1 अंक-161 सागवाड़ा, रविवार, 13 फरवरी, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818


## रतलाम वाया बांसवाडा रेल परियोजना काम बंद, राज्य सरकार ने परियोजना का आधा खर्च देने से मना कर दिया-सांसद मीणा

### केंद्रीय बजट को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में बोले उदयपुर सांसद अर्जुनलाल मीणा



**डूंगरपुर।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सितारारमण द्वारा 1 फरवरी को संसद में पेश किये गए बजट की विशेषताओं को लेकर उदयपुर सांसद अर्जुनलाल मीणा ने डूंगरपुर में प्रेसवार्ता की। भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई प्रेस वार्ता में सांसद के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभु पंड्या और नगर परिषद् सभापति अमृत कलासुआ भी मौजूद रहे।

इस दौरान सांसद अर्जुन मीणा ने कहा कि केन्द्रीय बजट आम आदमी, युवा, महिला, किसान सहित सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है जिससे हर वर्ग को फायदा मिलेगा। सांसद मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों और दूरगामी फैसलों की बदौलत आने वाले समय में भारत विज्ञान, विकास, सुरक्षा, आर्थिक ओर सामाजिक मसलो सहित हर क्षेत्र में दुनिया में सिरमौर बनेगा। स्थानीय मुद्दों पर बात करते हुए सांसद मीणा ने कहा कि उदयपुर-डूंगरपुर रेल आमान परिवर्तन का काम अंतिम चरण में है और शीघ्र ही डूंगरपुर रेल मार्ग के जरिये महानगरो से जुड़ जाएगा। डूंगरपुर- रतलाम वाया बांसवाडा रेल परियोजना को लेकर सांसद मीणा ने कहा कि राज्य सरकार ने परियोजना का आधा खर्च देने से मना कर दिया इस वजह से काम बंद पड़ा है लेकिन उदयपुर संभाग के सभी सांसद प्रयास कर रहे है कि केंद्र सरकार परियोजना का पूरा खर्च उठाकर आदिवासी क्षेत्र की जनता को राहत प्रदान करे। डूंगरपुर जिले की लाइफ लाइन कही जाने वाली मनरेगा योजना में बजट आवंटन में देरी पर सांसद ने कहा कि राजस्थान सरकार जितने बजट की मांग करती है उतना बजट केंद्र सरकार उपलब्ध करा देती है ऐसे में बजट आवंटन में देरी का कारण राज्य सरकार की लापरवाही हो सकता है।

## शराब तस्कर को जेल

सीमलवाड़ा। धंबोला पुलिस ने शराब तस्कर की 3 दिन की पेशी रिमांड खत्म होने पर रविवार को कोर्ट में पेश किया ,कोर्ट ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिए हैं। सीआई भैया लाल आंजना ने बताया कि शराब तस्कर भीलवाड़ा निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र मूल सिंह राठौड़ जो कि 10 फरवरी को गिरफ्तार हुआ था ,कोर्ट ने 3 दिन की रिमांड पर सौंपा था। जिसकी पुलिस रिमांड खत्म होने पर उसे आसपुर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि चौरासी पुलिस ने 22 जनवरी को एक कार से शराब जब्त की थी, दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जिसकी जांच एसपी सुधीर जोशी ने धंबोला सीआई भैयालाल आंजना को सौंपी थी। पेशी रिमांड के दौरान पूछताछ में तस्कर ने बताया कि मुख्य शराब तस्कर उदयपुर निवासी रूपेंद्र सिंह है, पुलिस उसकी तलाश कर रही है। सीआई भैया लाल आंजना ने बताया कि पेशी रिमांड के दौरान शराब तस्कर ने बताया कि वह महज एक मोहरा है, मुख्य सरगरा रूपेंद्र सिंह हैं जिसके पास वह उसके मकान में किराए पर रहता है। वहीं मुख्य तस्कर रूपेंद्र सिंह जो कि खेरवाड़ा में नामी तस्कर के पास काम कर चुका है। पुलिस मुख्य तस्कर की तलाश में जुट गई है।

## करावाड़ा में पंचायत भवन निर्माण को लेकर हुआ शिलान्यास



**सीमलवाड़ा।** झौथरी पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत करावाडा में नवीन ग्राम पंचायत भवन के निर्माण के लिए रविवार को शुभ मुर्हत में शिलान्यास हुआ। शिलान्यास कार्यक्रम बतोर मुख्य अतिथि झौथरी प्रधान अनिता रोत के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच बदी देवी खराडी एवं विशिष्ठ अतिथी प्रदेश संयोजक पोपटलाल खोखरीया , समाजसेवी सूरजमल खराडी एवं उपसरपंच ललित पाटीदार थे। आरंभ में शास्त्री प्रवीण जोशी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अतिथियो द्वारा पूजा अर्चना कराई। बाद में अतिथियो ने नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण के लिए आधारशीलाएं रखी।

इस अवसर पर प्रधान अनिता रोत ने पंचायत भवन को गांव की धरोहर बताते हुए पंचायत कोरम से अच्छे व गुणवत्ता युक्त भवन का निर्माण कराने लिए कहा। इस दौरान वार्डपंच बलवंत सिह झाला ,भूरालाल प्रजापति, कमलाशंकर रोत, कमलेश रोत, उदयलाल डामोर, नरेश कुमार , तेजशंकर खांट ,पंचायत सहायक दिलीप डामोर सहित ग्रामीण मौजूद थे।


## विषाक्त सेवन युवती की मौत

**सीमलवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के सुराता गांव में युवती ने विषाक्त सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना के कुछ देर पहले ही युवती के रिश्ते के लिए लोग आकर लौटे थे। पुलिस के अनुसार सुराता निवासी 20 वर्षीया ममता पुत्री सुखलाल रोत के रिश्ते के लिए खेमारू गांव से परिवार आया था। उनके लिए ममता ने भोजन पकाया और सभी को खिलाया था। मेहमानों के जाने के बाद घर के सदस्य आंगन में काम कर रहे थे और पीछे से ममता उल्टियां करने लगी। परिजन दौड़कर भीतर गए और ममता ने उन्हें बताया कि उसने विषाक्त पी लिया है। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुचे जहाँ उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है वही मौत के कारणों की जांच की जा रही है।

## भगवान हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित

### गायत्री शक्तिपीठ में नवीन हनुमान मंदिर की तीन दिवसीय प्राण महोत्सव





**सागवाड़ा।** पंचवटी रोड पर श्री राम नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ में नवीन हनुमान मंदिर की तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत रविवार को हनुमान मंदिर की वेदी पर भगवान हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित की गई। इससे पूर्व सुबह में नव कुंडीय गायत्री यज्ञ के साथ शुरू हुआ। पुष्कर जोन प्रभारी घनश्याम पालीवाल के आचार्यत्व, प्राचार्य सुरेश शर्मा कोटा के सानिध्य में विधि विधान के साथ राजकुमारी अग्निहोत्री दीदी व परिवार कोटा, रेणु बेन राजेंद्र भट्ट खड़गदा, भारती बेन जयंत परमार वलसाड गुजरात, कुलदीप सिंह राणावत साखथली प्रतापगढ़, बालकृष्ण पंड्या हड़माला, कमलेश व्यास वांदरवेड समेत सभी लाभार्थियों ने विधि विधान के साथ स्थापित देवता पूजन किया। जिसके बाद हनुमान जी की मूर्ति का धान्यादिवास, फलाधिवास और जलाधिवास जैसी क्रियाएं करवाई गई। दोपहर बाद विधि विधान के साथ हनुमान मंदिर की वेदी पर भगवान हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा रामचरितमानस की चौपाइयों का गान किया।

गायत्री शक्तिपीठ के जिला समन्वयक भूपेंद्र पंड्या ने बताया कि गायत्री शक्ति पीठ परिसर में नवनिर्मित श्री हनुमानजी महाराज का नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत सोमवार को सुबह में नव कुंडीय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ अखंड जप, भगवान हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

## झालावाड़ व उदयपुर के रक्तदाता समूह ने बांसवाड़ा का किया दौरा



**बांसवाड़ा।** वागड़ सहित राजस्थान के अन्य जिलों में रक्तदान के प्रति आमजन में जागरूकता लाने का कार्य करने वाली सपना फाउंडेशन संस्था के संस्थापक विश्वम्बर सुखवाड़ा के परिणय सूत्र में बधने के बाद शनिवार को घाटोल के सुखवाड़ा में आशीर्वाद व स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ। आशीर्वाद समारोह में बांसवाड़ा सहित आसपास के जिलों से प्रशासनिक ओर राजनीति क्षेत्र के अधिकारी व राजनेताओ ने वर वधु को आशीर्वाद दिया। साथ ही राजस्थान में रक्तदान के क्षेत्र में अग्रणी संस्था ऋष्ठस् (रक्तदाता समुह झालावाड़) और रक्तदाता युवावाहिनी उदयपुर के रक्तयोद्धाओ ने बांसवाड़ा का दौरा करते हुए आशीर्वाद समारोह में भाग लिया। झालावाड़ ओर उदयपुर से आये रक्तदाता समूह टीम ने बांसवाड़ा में ब्लड बैंक और ग्रामीण क्षेत्रो में आमजन को रक्तदान के प्रति जागरूक लाने के लिए रक्तदान करने के फायदों की जानकारी दी।

वही झालावाड़ से जय गुप्ता, अनिल शर्मा, सुरेश वर्मा, राजकुमार व राहुल सुथार और रक्तदाता युवावाहिनी उदयपुर से दिनेश सोनी दिपक टेलर, दिलीप साहु, देवेंद्र पुष्करणा सहित सपना परिवार के समस्त रक्तयोद्धाओ के साथ आशीर्वाद व स्नेह मिलन समारोह में उपस्थित रहे।

## बेणेश्वर धाम पर अस्थि विसर्जन, धार्मिक परंपराओं और दर्शन पर नही है कोई रोक - कलेक्टर

**डूंगरपुर।** बेणेश्वर धाम पर माघ पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले धार्मिक मेले में अस्थि विसर्जन एवं धार्मिक परंपराओं पर कोई रोक नहीं है। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बताया की धाम पर श्रद्धालुओं की लगातार आवाजाही हो रही है। इसके साथ ही अस्थि विसर्जन एवं अन्य धार्मिक क्रियाएं तथा परंपराओं का भी निर्बाध रूप से निर्वहन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके लिए धाम पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जिला प्रशासन के द्वारा पेयजल, शौचालय, बिजली तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को भी सुनिश्चित किया गया है। साथ ही पुलिस प्रशासन के द्वारा भी सुरक्षा व्यवस्थाओं के बंदोबस्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार भी पिछले वर्ष की भांति ही व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शनों के लिए पहुंच भी रहे हैं।

## नारायण लाल बनोत बने भाविप सागवाड़ा के अध्यक्ष



**सागवाड़ा।** भारत विकास परिषद सागवाड़ा की स्थानीय शाखा की कार्यकारिणी के चुनाव प्रांतीय पर्यवेक्षक संजय गुप्ता के मार्ग दर्शन में पेंशनर भवन में शनिवार शाम को संपन्न हुए। बैठक में सर्वसम्मति से नारायण लाल बनोत अध्यक्ष सचिव शिवराम मोची, कोषाध्यक्ष ष्ठह्ल हितेश शाह, सह सचिव राजेंद्र शुक्ला को मनोनीत किया। अध्यक्ष नारायणलाल बनोत ने गत वर्ष के परिषद के प्रकल्पों में हुए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष हितेश शाह ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में रा मा वि तलैया नंबर 6 सागवाड़ा के स्काउट छात्र छात्राओं हेतु 12 यूनिफॉर्म भी भारत विकास परिषद द्वारा प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में संरक्षक कुबेरलाल जोशी, नानुलाल मोड़ पटेल, जीवनलाल पाटीदार, विश्वनाथ पंड्या प्रांतीय उपाध्यक्ष मयंक दोसी, प्रांतीय महासचिव गिरीश सोमपुरा , अनिल कुमार वाडेल, अश्विन बोबडा, हरीश शाह, निखिल सोमपुरा, भगवान लाल सेवक, रमेश कुमार पाटीदार उपस्थित रहे।

## भेड़माता पुलिये से 7 फ़ीट गहरी मोरन नदी में गिरी कार, 2 बच्चे समेत एक परिवार के 6 लोग घायल



**डूंगरपुर।** वरदा थाना क्षेत्र में डूंगरपुर-सागवाड़ा रोड पर भेड़माता पुलिये पर एक कार बेकाबू होकर 7 फ़ीट गहरी मोरन नदी में गिर गई। हादसे में कार में सवार 2 बच्चों समेत एक ही परिवार के 6 लोग घायल हो गए। घायलों को कार से बाहर निकालकर डूंगरपुर हॉस्पिटल में भर्ती करवाया हैं। वरदा थाना एएसआई वल्लभराम ने बताया कि बांसवाडा जिले के सज्जनगढ़ थाना क्षेत्र के पाटड़िया गांव निवासी सुनील डामोर अपने परिवार के साथ आंतरी में बहन जयंती के घर आये थे। आज रविवार सुबह सुनील (35), पत्नी धर्मा देवी (28), बेटा सुमित (8), आरव (3), बहन शीला उर्फ रचना (20), बहन जयंती (21) पत्नी विजेश कार से मुंगेड़ जा रहे थे। सागवाडा से डूंगरपुर रोड पर भेड़माता पुलिये के पास आते ही कार बेकाबू हो गई। कार पुलिये से नीचे मोरन नदी में उतरकर पलट गईं। नदी में पानी कम होने से कार में सवार लोगों को बाहर निकाला। कार सुनील चला रहा था, जिसे काफी मशक्कत के बाद निकाला जा सका। घटना की सूचना पर वरदा थाने से एएसआई वल्लभराम, कांस्टेबल फतेहलाल मौके पर पंहुचे। 108 एम्बुलेंस के ईएमटी ताराचंद भोई व पायलट दिनेश घायलों को डूंगरपुर हॉस्पिटल लेकर आएं ओर भर्ती करवाया। डॉक्टरों ने घायलो का इलाज शुरू कर दिया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दस माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

**सीमलवाड़ा।** नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने एवं दुष्कर्म मामले में फरार आरोपी को धंबोला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीआई भैयालाल आंजना ने बताया कि चौरासी थाना क्षेत्र के प्रार्थी ने 8 अप्रैल 2021 को एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें बताया था कि उसकी नाबालिग लड़की 3 अप्रैल की रात को शौच करने घर के बाहर गई थी, जो वापस घर नही लौटी। काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चल सका था। बाद में जानकारी में आया कि झौथरी के कंधार फला निवासी हरिश पुत्र मावजी रोट उसे जबरन पत्नी बनाने की नियत से भगा ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की एवं नाबालिग को दस्तयाब किया। पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट में दुष्कर्म होने की बात सामने आई है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने इधर उधर भागता रहा। आरोपी की धरपकड़ को लेकर एक टीम बनाई जिसमे हैड कांस्टेबल लालशंकर , लोकेंद्र सिंह व जीतमल ने आरोपी को उसके घर से डिटेन किया। पोस्को एक्ट में कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

## विवाहिता ने अपने ही घर में साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली

**डूंगरपुर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के दुआ लिया गांव में विवाहिता ने अपने ही घर में साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली विवाहिता की मौत के बाद पीहर पक्ष मामले का खुलासा होने तक पोस्टमार्टम नहीं कराने को लेकर खड़ा हुआ है। सदर थाने के एएसआई सोबरन ने बताया कि धुवालिया निवासी 30 वर्षीया इंद्रा पत्नी नारायण कोटेड खेतो से घर आई थी। उसका 7 वर्षीय बेटा घर के आंगन में खेल रहा था ।

## नव विवाहित युगल ने निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में रोगियों की सेवा कर अपने दांपत्य जीवन की शुरुआत की

### शिविर में 102 रोगियों की जांच की गई जिनमें से ऑपरेशन योग्य 67 रोगियों के फेंको पद्धति से निशुल्क ऑपरेशन किए गए



**डूंगरपुर।** एक नव विवाहित युगल ने निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में रोगियों की सेवा कर अपने दांपत्य जीवन की शुरुआत की और मानव सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया।

अवसर था जागरण जन सेवा मंडल द्वारा वागदारी स्थित आचार्य श्री महाप्रज्ञ नेत्र चिकित्सालय में आयोजित निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का।

जिला अंधता निवारण समिति एवं आचार्य श्री महाप्रज्ञ नेत्र चिकित्सालय के संयुक्त तत्वाधान में प्यारी बाई काना जी सुथार भादरास हैदराबाद के सौजन्य से आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर का आज समापन हुआ।

अपने चिकित्सकीय पेशे के साथ समाज सेवा के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहने वाले डूंगरपुर निवासी डॉ दलजीत यादव एवं डॉ कोकिला गोसाई के पुत्र डॉ पार्थ दो दिन पूर्व ही 11 फरवरी को दमन निवासी डॉ उर्वशी के साथ परिणय सूत्र में बंधे थे।

## कांग्रेस की डिजिटल सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़े- भगोरा

### जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में डिजिटल सदस्यता अभियान को लेकर बैठक



**डूंगरपुर।** कांग्रेस के डिजिटल सदस्यता अभियान को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी भवन में रविवार को राजस्थान प्रभारी एपीआरओ राजेन्द्रसिंह कुंपावत ने कांग्रेसजनों की बैठक ली जिसमे डिजटल सदस्यता को लेकर अधिक से अधिक लोगो को जोड़ने का आह्वान किया गया। कुंपावत ने कहा कि अधिक से अधिक सदस्य बनाकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना ही मुख्य उद्देश्य है इसको लेकर जिले भर में डिजिटल सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।

बैठक को सम्बोधित करते हरियाणा राज्य पीआरओ व डूँगरपुर-बांसवाड़ा संसदीय क्षेत्र पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने कहा कि पार्टी संगठनात्मक चुनाव को ध्यान में रखकर 1 नवंबर से सदस्यता अभियान शुरू किया गया है जो 31 मार्च 2022 तक चलेगा, आवेदन पत्र डिजिटल और मैन्युअल दोनों हैं लेकिन डिजिटल माध्यम पर ज्यादा जोर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कांग्रेस का सदस्यता कांग्रेस पार्टी की सदस्यता लेने के लिए 5 रुपए का शुल्क रखा गया है सदस्यता आवेदन में नाम, पहचान संख्या, जिला, विधानसभा आदि क्रमो को भरना है। पूर्व सांसद भगोरा ने कहा कि संगठन को मजबूत करने का जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरा करना हम सभी का कर्तव्य है। बैठक में विधायक गणेश घोघरा ने कहा कि इस अभियान की पूरी जानकारी कर लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमे एप्प के उपयोग के साथ सदस्य बनाने की प्रक्रिया बताई जाएंगी हम सभी को इस कार्य मे एकजुट होकर जिम्मेदारी निभानी है।बैठक में पूर्व राज्य मंत्री खान असरार अहमद, पूर्व विधायक पूंजीलाल परमार, लालशंकर घाटिया, पूर्व उप जिला प्रमुख प्रेमकुमार पाटीदार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भरत नागदा, प्रकाशचन्द पाटीदार, सुरेश पाटीदार, जिला कांग्रेस महामंत्री रुपशंकर त्रिवेदी, जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुखदेव यादव सहित कांग्रेजन उपस्थित रहे।

## डीएसटी ने नाकेबंदी के दौरान 3 पिकअप जीप में ठूस-ठूस कर भरी 16 भैसों को छुड़वाकर चालको को हिरासत में ले लिया



**डूंगरपुर।** जिले में डीएसटी ने साबेला बाईपास पर नाकेबंदी के दौरान 3 पिकअप जीप में ठूस-ठूस कर भरी 16 भैसों को छुड़वाकर चालको को हिरासत में ले लिया है। डीएसटी इंचार्ज और कोतवाली सीआई दिलीपदान ने बताया कि मुखबीर के जरिये सूचना मवेशियों की तस्करी की सूचना मिली थी जिस पर डीएसटी टीम ने साबेला बाईपास पर नाकेबंदी कर वाहनों की तलाशी शुरू कर दी। इस दौरान एक के बाद एक तीन पिकअप आते हुए नजर आई। तीनो को रुकवाकर चालको से पूछताछ की तो भैंसे भरी होना बताया। तलाशी में इन भैसों को ठूंस-ठूंसकर क्रूरता से भरा गया था। डीएसटी इंचार्ज ने बताया कि मवेशियों के लिए चारे-पानी का कोई इंतजाम नहीं था। डीएसटी ने तीनों पिकअप में भरी 16 भैसों को छुड़वाते हुए कोतवाली थाने पर ले गए। पुलिस ने उदयपुर जिले के डबोक निवासी चालक गोपाल बंजारा ओर बादल बंजारा तथा कांकरोली निवासी प्रताप बंजारा को पशु क्रूरता अधिनियम में गिरफ्तार कर लिया है।